तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 18 मार्च 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 धोबी समाज के युवक-युवती परिचय सम्मेलन व वरिष्ठ ...

11 शासकीय स्वास्थ्य केंद्र में निजी क्लिनिक चलाने का ...


## खबर संक्षेप

### जिले में शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ, गर्भवती महिलाओं की जांच व टीकाकरण



**बेमेतरा।** जिले में शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। यह अभियान 17 मार्च से 21 अप्रैल 2026 तक संचालित होगा, जिसके तहत प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को आंगनबाड़ी केंद्रों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में बच्चों को विटामिन-ए एवं आयरन (आईएफए) सिरप पिलाई जाएगी। जिला स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-01, वार्ड क्रमांक-14 सिंघौरी में आयोजित हुआ। इस अवसर पर पार्षद टाकेश्वर साहू एवं प्रकाश ठाकुर की उपस्थिति में बच्चों को विटामिन-ए सिरप पिलाकर तथा आयरन फॉलिक एसिड सिरप का वितरण कर अभियान की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. शरद कोहाड़े भी उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहलेडर ने बताया कि अभियान के तहत शिशु स्वास्थ्य से संबंधित राष्ट्रीय कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाएगा। जिले में 6 माह से 5 वर्ष तक के 96,366 बच्चों को आयरन सिरप तथा 9 माह से 5 वर्ष तक के 91,014 बच्चों को विटामिन-ए की खुराक देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि यह सभी सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध रहेंगी और स्वास्थ्य शेष पेज 10 पर

## समस्या : भविष्य से खिलवाड़, ग्रामीणों की मांग- जल्द हो समाधान

# पड़कीटोला स्कूल बदहाल, एक कमरे में तीन कक्षाएं जर्जर रसोई और दरारों से भरा स्कूल भवन





हरिभूमि न्यूज | साजा

साजा मुख्यालय से जुड़े ग्राम पंचायत के आश्रित गांव पड़की टोला की प्राथमिक शाला में शिक्षा व्यवस्था गंभीर समस्याओं से जूझ रही है। कक्षा पहली से पांचवीं तक पढ़ाई होने के बावजूद स्कूल में पर्याप्त कक्षाओं की व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

जब इस स्कूल का दौरा किया गया और बच्चों से बातचीत की गई तो बच्चों ने बताया कि पहली, दूसरी और तीसरी कक्षा के छात्र एक ही कमरे में बैठकर पढ़ाई करते हैं, जबकि दूसरे कमरे में चौथी और पांचवीं कक्षा संचालित होती है। बच्चों का कहना है कि एक ही कक्षा में तीन-तीन कक्षाओं की पढ़ाई होने से पढ़ाई में काफी परेशानी और ध्यान भटकने की समस्या होती है। पालको ने प्रशासन से मांग की है कि प्रत्येक कक्षा के लिए अलग-अलग कमरे की व्यवस्था की जाए, ताकि वे ठीक से पढ़ाई कर सकें। स्कूल में केवल दो



कमरे और एक हॉल उपलब्ध है। इसी हॉल और बरामदे में मिड-डे मील का भोजन भी बनाया जाता है, जिससे पढ़ाई का माहौल और भी प्रभावित हो जाता है।

रसोइयों ने बताया कि वे करीब डेढ़ से दो साल से बरामदे में ही भोजन बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्कूल का रसोईघर इतना जर्जर हो चुका है कि दीवारों में दरारें पड़ चुकी हैं और छत की ढलाई भी टूटकर गिरने लगी है। ऐसी स्थिति में वहां भोजन बनाना जान जोखिम में डालने जैसा है, इसलिए मजबूरी में खुले बरामदे में ही भोजन पकाया जा रहा है। सब्जी, पानी और अन्य सामग्री भी खुले स्थान पर ही रखकर भोजन तैयार किया जाता है।

ग्रामीणों और स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नेताम जी ने बताया कि स्कूल भवन के कई कमरों की दीवारों और छतों में भी गहरी दरारें आ चुकी हैं। यह भवन इतना जर्जर हो गया है कि कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है।

उन्होंने यह भी बताया कि स्कूल में शिक्षकों की भी कमी है। यहां केवल दो शिक्षक पदस्थ हैं, जबकि विद्यार्थियों की संख्या के अनुसार और शिक्षकों की आवश्यकता है। शिक्षकों की कमी के कारण पढ़ाई की व्यवस्था और भी प्रभावित हो रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर वे कई बार पूर्व विधायक, वर्तमान विधायक और खंड शिक्षा अधिकारी को अवगत करा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। स्कूल परिसर में बाउंड्री वॉल शेष पेज 10 पर

### जांच कराई जाएगी

इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी गेंद राम चतुर्वेदी ने कहा कि उन्हें भी इस मामले की जानकारी मिल रही है। उन्होंने कहा कि इस विषय में खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) से बात कर स्कूल की स्थिति की जांच कराई जाएगी। यदि वहां अव्यवस्था या भवन जर्जर होने की पुष्टि होती है तो आवश्यक कार्रवाई करते हुए सुधार के लिए निर्देश दिए जाएंगे।

**- गेंद राम चतुर्वेदी**
**जिला शिक्षा अधिकारी**

### प्रस्ताव आने पर नियमानुसार अग्रेषित

इस संबंध में जनपद पंचायत साजा के सीईओ सोमनाथ साहू ने कहा कि पड़कीटुला स्कूल की जर्जर स्थिति या बाउंड्री वॉल व अतिरिक्त कक्ष निर्माण के संबंध में अब तक उनके पास पंचायत की ओर से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि जनपद पंचायत में इस प्रकार का कोई निर्माण प्रस्ताव लंबित नहीं है। जैसे ही पंचायत की ओर से प्रस्ताव आता है, उसे नियमानुसार उच्च अधिकारियों को अग्रेषित कर दिया जाता है। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी चंद्रवंशी से बातचीत के लिए फोन पर संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। जिसके कारण इस मामले में उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो सका।

**- जनपद पंचायत सीईओ**
**सोमनाथ साहू**

# शंकराचार्य की मौजूदगी में 'गोमाता प्रीमियर लीग-2' का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज | बेमेतरा

जिले में इन दिनों धार्मिक आस्था और सामाजिक जागरूकता का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है।शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के प्रवास ने जहां आध्यात्मिक माहौल को नई ऊर्जा दी है, वहीं उनके 'गोमाता राष्ट्रमाता' अभियान से प्रेरित होकर युवा वर्ग भी सामाजिक सरोकारों से जुड़ते नजर आ रहे हैं। इसी कड़ी में श्री सपाद लक्षेश्वर धाम, सलधा में शंकराचार्य की गरिमामयी उपस्थिति में 'गोमाता प्रीमियर लीग सीजन-2' रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का पोस्टर विमोचन कर भव्य शुभारंभ किया गया।

- गोसंरक्षण का संदेश लेकर मैदान में उतरे युवा

यह आयोजन केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि गौसंरक्षण जैसे संवेदनशील विषय पर जन-जागरूकता फैलाने का सशक्त माध्यम बनकर उभर रहा है। पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के लोहारा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत टाटीकसा के युवाओं द्वारा आयोजित इस लीग के जरिए गांव-गांव तक गोसेवा और गोसंरक्षण का संदेश पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। आयोजन समिति के कप्तान विवेक गौतम ने बताया कि टाटीकसा ग्राम की विशेष पहचान यह है कि यहां गोमाता को 'ग्राम माता' का दर्जा प्राप्त है। गांव में वर्षों से गौसंरक्षण और सेवा से जुड़े कार्यक्रम निरंतर आयोजित होते रहे हैं। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए युवाओं ने खेल के माध्यम से समाज को जोड़ने और जागरूक करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य के 'गोमाता राष्ट्रमाता' अभियान से प्रेरणा लेते हुए इस क्रिकेट लीग की शुरुआत की गई है, ताकि युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी का भाव विकसित हो और वे सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ें। रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट होने के कारण इसमें क्षेत्र के विभिन्न गांवों की टीमों की भागीदारी सुनिश्चित हो रही है, जिससे आयोजन को व्यापक स्वरूप मिल रहा है।

कार्यक्रम के दौरान शंकराचार्य ने आयोजकों को आशीर्वाद देते हुए ऐसे आयोजनों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। उन्होंने कहा कि गोसंरक्षण भारतीय संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसे जन-जन तक पहुंचाने के लिए इस तरह की पहल अत्यंत सराहनीय है। इस शेष पेज 10 पर



**भोरमदेव महोत्सव : दिलीप षडंगी, आरू साहू सहित स्थानीय कलाकारों ने महोत्सव में दी प्रस्तुति**

# एक दिवसीय भोरमदेव महोत्सव में प्रदेश के गायकों ने बांधा समां, जुटी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

सतपुड़ा पर्वत की मैकल पहाड़ी श्रृंखलाओं से घिरे सुरम्य और ऐतिहासिक भोरमदेव मंदिर के प्रांगण में 30 वें एक दिवसीय भोरमदेव महोत्सव का भव्य आयोजन 17 मार्च को इस बार ग्राम छपरी में किया गया। महोत्सव का उद्घाटन कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथियों ने दीप जलाकर और विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर किया। इस मौके पर जिले सहित प्रदेशभर से आए श्रद्धालुओं और दर्शकों की भारी भीड़ आयोजन में देखने को मिली, जिससे इस एक दिवसीय महोत्सव का माहौल भक्तिमय और उत्सवमय हो गया। समारोह मे प्रख्यात छत्तीसगढ़ी लोक कला व जसगीत गायक दिलीप षडंगी एवं आरू साहू ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। जिसकी आनंत श्रोताओं ने देररात तक लिया और झूमते नजर आए। गायक दिलीप षडंगी के भक्ति भाव से ओत-प्रोत भजनों ने न केवल श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया, बल्कि महोत्सव के महत्व को और बढ़ा दिया। श्री षडंगी ने एक से बढ़कर एक भजनों से कार्यक्रम स्थल में भक्तिरस की लहर दौड़ा दी। इस अलावा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं सहित अन्य स्कूलों के बच्चों तथा स्थानीय कलाकारों ने भी भोरमदेव महोत्सव में अपनी-अपनी प्रस्तुति देकर श्रोताओं व दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। उल्लेखनीय है कि भोरमदेव मंदिर छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक, पुरातात्विक, पर्यटन और जन आस्था के रूप में ऐतिहासिक महत्व का स्थल है। इस मंदिर की ख्याति देश के अलग-अलग राज्यों तक फैली हुई है। यहां साल भर विदेशी, देशी तथा घरेलु पर्यटकों तथा श्रद्धालुओं के रूप में आना होता है। बाबा भोरमदेव मंदिर में प्रत्येक वर्ष होली के बाद कृष्णपक्ष के तेरस और चौदस को महोत्सव मानाने की यहां परम्परा रही है। साथ में सावन मास में मंदिर में विशेष पूजा अर्चना भी की जाती है। यहां सावन माह में मेले का आयोजन भी होता है। जिसमें देशी तथा घरेलु पर्यटकों तथा श्रद्धालुओं के रूप में शामिल होते है। इस बार भोरमदेव कारीडोर निर्माण के चलते महोत्सव का आयोजन भोरमदेव क्षेत्र से बाहर ग्राम छपरी में किया गया।





### सुरक्षा की रही चाक चौबंद व्यवस्था

यहां बताना लाजिमी होगा कि बीते वर्ष भोरमदेव परिसर में आयोजित भोरमदेव महोत्सव के पहले ही दिन कुछ आसामाजिक तत्वों ने महोत्सव की गरिमा को ठेस पहुंचाते हुए जमकर हंगामा किया था और सैकड़ों की संख्या में कुसियां तोड़ी थी। इस बात को ध्यान में रखते हुए इस बार पुलिस प्रशासन ने महोत्सव में सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद करने करीब 400 की संख्या में सुरक्षा बल और पुलिस अधिकारियों को तैनात किया था। जिसके चलते महोत्सव से इस बार बीते वर्ष की तरह घटित कोई घटना की खबर नहीं मिली है।

### लोक व शास्त्रीय प्रस्तुतियों से सजी भोरमदेव की शाम

भोरमदेव महोत्सव में स्थानीय एवं अन्य जिलों से आए कलाकारों द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां दी जा रही हैं। कार्यक्रम में ग्राम बरपानी के मोहन ने विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय का पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया। इस लोकनृत्य ने आदिवासी संस्कृति की झलक पेश करते हुए दर्शकों की आकर्षक का केंद्र रहा। कवर्धा और बोड़ला स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने "रामेश्वरम दर्शन" एवं "नरसिंह अवतार" पर आधारित नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की। छात्राओं की भावपूर्ण प्रस्तुति ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। शास्त्रीय नृत्य की कड़ी में रायपुर की अक्षिता दुबे और कवर्धा की दुर्गेश्वरी चंद्रवंशी ने कत्थक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को प्रभावित किया। उनके सधे हुए कदम और आकर्षक मुद्राओं ने खूब तालियां बटोरीं। इसी क्रम में बिलासपुर के युवराज सिंह लोनिया ने सुमधुर भजन प्रस्तुत कर माहौल को आध्यात्मिक बना दिया। वहीं अध्या पांडे ने भरतनाट्यम की शानदार प्रस्तुति देकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मोहम्मद असन की वाद्य प्रस्तुति ने भी दर्शकों को खासा प्रभावित किया। उनकी धुनों पर दर्शक झूम उठे।

# विभिन्न लंबित मांगों को लेकर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का प्रदर्शन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

■ मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर जिले के कर्मचारी एवं अधिकारी अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर 18 मार्च बुधवार को जिला एवं ब्लॉक मुख्यालयों में भोजन अवकाश के दौरान जंगी प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री व छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक अश्वनी बनर्जी ने कहा कि जिला व विकासखंड के सभी कर्मचारी-अधिकारियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर अपनी एकता और अधिकारों की आवाज बुलंद करने का आह्वान किया है।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक अश्वनी बनर्जी ने बताया कि कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांगों के निराकरण के लिए यह प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है। प्रमुख मांगों में मोदी की गारंटी के अनुसार जुलाई 2016 से लंबित महंगाई भत्ता एरियर्स की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित करने, प्रदेश में चार स्तरीय पदोन्नत समयमान वेतनमान क्रमशः 8, 16, 24 एवं 32 वर्ष में प्रदान करने, तथा मध्यप्रदेश की भांति अर्जित अवकाश नगदीकरण 300 दिवस करने की मांग प्रमुख रूप से शामिल है। इसके साथ ही फेडरेशन ने लिपिकों, शिक्षकों, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियों को दूर करने हेतु पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने, शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर समस्त सेवा लाभ देने, तथा सहायक शिक्षकों एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान प्रदान करने की मांग भी उठाई है।

फेडरेशन ने अनुकंपा नियुक्ति को निः शर्त लागू करने, 10 प्रतिशत की वर्तमान सीमा समाप्त कर सीधी भर्ती के समस्त पदों पर अनुकंपा नियुक्ति देने, पंचायत सचिवों का शासकीयकरण करने, तथा नगरीय निकाय के कर्मचारियों को नियमित मासिक वेतन और समयबद्ध पदोन्नति देने की भी मांग की है। इसके अतिरिक्त विभागों में कर्मचारियों की कमी को देखते हुए सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने, कार्यभारित, दैनिक वेतनभोगी, अनियमित एवं संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण करने तथा आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली एवं सेवानिवृत्ति उपरांत संविदा नियुक्ति तत्काल बंद करने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई है। साथ ही विभागों में रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती की अनुमति देने की भी मांग की गई है। कई बार मंगाई भत्ता के लिए मांग पत्र दिया गया है। परंतु शासन इस तरफ ध्यान नहीं दे रही है। इसलिए फेडरेशन ने उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिका दायर किया है। उच्च न्यायालय ने शासन को नोटिस जारी कर 4 सप्ताह में जवाब देने कहा है। उपरोक्त के संबंध में 18 मार्च बुधवार को भोजन अवकाश के दौरान मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## खबर संक्षेप


### किसान संघ का पारिवारिक मिलन समारोह आयोजित

**कवर्धा।** भारतीय किसान संघ ने गत दिनो पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन ग्राम किशुनगढ़ में किया गया। कार्यक्रम का शुभारभ किसानों के देवता भगवान बलराम व भारत माता के तैलीय चित्र के समक्ष व पूजा अर्पण कर किया गया। तत्पश्चात भारतीय किसान संघ के जिला महामंत्री जीवन यादव में कार्यक्रम में उपस्थित सभी का परिचय कराया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के मध्य भारत के प्रमुख चंद्रशेखर वर्मा ने कहा की परिवार हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है परिवार से हमे स्नेह समर्थन सुरक्षा सहयोग संस्कार और परंपराएं मिलता है। परिवार से हमारे आध्यात्मिक विकास होता है भारतीय किसान संगठन एक पारिवारिक संगठन है जो कि घर के मुखिया की तरह हर किसान के समस्याओं का निराकरण कर रहा है। जिलाध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी ने अपने विचार व्यक्त किया। पारिवारिक सहयोग के बिना कोई भी व्यक्ति आगे नही बढ़ सकता है समाजहित देशहित कार्य नही कर पायेगा जब तक वह समाज परिवार से जुड़कर नही रहेगा भारतीय किसान संघ जो की एक राष्ट्रवादी गैर राजनीतिक पारिवारिक संगठन है। हमारा प्रत्येक कार्यकर्ता निःस्वार्थ भाव से किसान के हित का कार्य कर रहा है याने पूरे समाज/परिवार का कार्य कर रहा है इस प्रकार कार्य उनके दिव्य पारिवारिक जनों का प्रेरणा एवं सहयोग होता है।

# बढ़ती गर्मी के साथ बिजली के झटके शुरू, बिजली की खपत में इजाफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

बढ़ती गर्मी के साथ कवर्धा नगर सहित आसपास के ग्रामीण ईलाकों मंट एक बार फिर बिजली ने झटका देना शुरूकर दिया है। माना जा रहा है कि यह विद्युत विभाग की अनेदखी और अव्यवस्था का नतीजा है जिसका खामियाजा अब उपभोक्ताओं को पूरी गर्मी भर भुगतना पड़ सकता है। गौरतलब है कि मार्च माह के शुरूआती दिनो से ही गर्मी अपने तेवर दिखाने लगी है। लेकिन हर बार की तरह इस बार भी विद्युत विभाग ने ग्रीष्म ऋतु में अचानक बढ़ने वाली विद्युत की खपत को देखते हुए कोई विशेष इंतजाम नहीं किए हैं और सब कुछ पुराने ढर्रे पर ही चल रहा है। यहां बताना लाजमी होगा कि शीत ऋतु की समाप्ती के बाद अब गर्मी के जोर पकड़ने के साथ ही नगर सहित समूचे जिले में बिजली की खपत अचानक बढ़ जाती है। लोग समान्य तौर पर बिजली के उपयोग के साथ ही गर्मी से राहत पाने पंखा, कूलर, एसी सहित अन्स विद्युत उपकरणों का बेजा उपयोग करते हैं। इसके अलावा नगर में कई गन्ना रस विक्रेताओं द्वारा विद्युत मोटर का उपयोग किया जाता है। जिसकी वजह से ओवर लोड होना तथा फाल्ट आना स्वभाविक है। लेकिन अगर विद्युत विभाग इस बात को ध्यान में रखते हुए ग्रीष्म ऋतु के पूर्व ही व्यवस्था दुरूस्त कर ले तो उपभोक्ताओं को कुछ हद तक विद्युत की आंख मिचोली से राहत मिल सकती है।



### उन्नत गन्ना खेती की बताई गई विधि

**कवर्धा।** भारतीय किसान संघ द्वारा गन्ना किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण अवसर पाठ धाम में आयोजित की गई जिसमें बड़ी संख्या में गन्ना उत्पादक किसानो ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक में किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन देने के लिए पोलन एग्रो मिनरल्स प्राईवेट लिमिटेड के गन्ना फसल विशेष एवं जाने माने विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया था। कंपनी की ओर से प्रमोद पाटिल मार्केटिंग मैनेजर एवं विनोद मधेकर डेवलपमेंट प्रमुख ने किसानों को गन्ना फसल के वैज्ञानिक प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि वर्तमान समय में मिट्टी की उर्वरक क्षमता लगातार कम हो रही है, इसलिए मिट्टी के स्वास्थ्य को बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कार्बन नाइट्रोजन अनुपात के महत्व को समझाते हुए संतुलित पोषण प्रबंधन पर जोर दिया। इसके साथ ही किसानों को गन्ना फसल के लिए सही बीज का चुनाव, कम लागत में पौधे तैयार करने की विधि, तथा खाद एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों के उपयोग का सही समय और मात्रा के बारे में विस्तार से बताया गया। विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि आधुनिक और वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर किसान कम खर्च में अधिक गन्ना उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने अपनी समस्याएं और अनुभव भी साझा किए, जिनका समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया गया। उपस्थित किसानों ने इस प्रकार की तकनीकी जानकारी को बेहद उपयोगी बताया। बैठक के अंत में किसानों ने सामूहिक रूप से मांग रखी कि गन्ना किसानों के हित में इस प्रकार के प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम फैक्ट्री स्तर पर लगातार और समय-समय पर आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि किसानों को नई तकनीक और उन्नत खेती की जानकारी नियमित रूप से मिलती रहे। किसानों की इस मांग को सुनते हुए डोमन चंद्रवंशी, जिलाध्यक्ष भारतीय किसान संघ ने किसानों को आश्वासन दिया कि संघ किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर तथा आवश्यकता अनुसार विशेषज्ञों को आमंत्रित कर इसी प्रकार के मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा, ताकि किसानों को सही तकनीकी जानकारी मिलती रहे और उनकी खेती अधिक लाभकारी बन सके।

# महिला कांग्रेस ने हर्षोल्लास के साथ मनाया होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



जिला महिला कांग्रेस द्वारा दुर्ग रोड स्थित सिंघौरी क रेस्टोरेंट में होली मिलन समारोह का आयोजन बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में जिले भर से महिला कांग्रेस की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुईं और आपसी प्रेम, सौहार्द एवं भाईचारे के साथ रंगों का पर्व मनाया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने पर्यावरण एवं स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए हर्बल गुलाल से होली खेली। पारंपरिक होली गीतों की मधुर धुनों पर गीत-संगीत और नृत्य प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को रंगमय बना दिया। उपस्थित महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए कुर्सी दौड़, प्रश्नोत्तरी सहित विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। फर्स्ट एंट्री पुरस्कार पूर्व पार्षद उषा साहू को मिला, चीट उठाओ प्रतियोगिता में ममता चेलक विजेता रहीं, जबकि छत्तीसगढ़ी आभूषणों की पहचान प्रतियोगिता में शशि प्रभा गायकवाड़ को विशेष पुरस्कार दिया गया। वहीं "क्वीन ऑफ द इवनिंग" का खिताब जनपद अध्यक्ष माधुरी रवि परगनिया को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा उपस्थित रहे। उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए महिला कांग्रेस की सराहना की।

इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रश्मि मिश्रा, जनपद अध्यक्ष माधुरी रवि परगनिया, जिला पंचायत सदस्य शशि प्रभा गायकवाड़, बालकुमारी ध्रुव, शकुन्तला साहू, कांग्रेस महामंत्री रूबी सलूजा, जनपद सभापति सीमा टिकरिया, मंडल अध्यक्ष जनता साहू, हेमिन यादव सहित बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस की कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# वनोपज संग्रहण व खरीदी के प्रति उदासीन रवैया?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

■ अनदेखी का व्यापारी उठा रहे है बेजा फायदा

हर साल की तरह इस साल भी जिले के जंगलों से निकलने वाली वनोपज का बुरा हाल है। एक तो सरकारी नीति और उस पर मुफ्त की योजनाओं के चलते न तो वनवासी वनोपज संग्रहण करने में रूचि दिखा रहे हैं और न ही लघुवनोपज समिति वनोपजों को खरीदने रूचि दिखा रही है। जानकारी के मुताबिक अभी जिले की किसी भी समिति में वनोपज की खरीदी शुरू नहीं की गई है। समितियों का कहना है कि संग्रहणकर्ताओं द्वारा वनोपज का संग्रहण नहीं किया जा रहा है। जिसके चलते खरीदी शुरू नहीं की गई है। वहीं दूसरी ओर सूत्रों की माने तो अंचल से निकलने वाली वनोपज को खरीदने व्यापारी सक्रिय हो चुके है। यहां बताना लाजिमी होगा कि शासन की गलत नीतियों और मुफ्त की योजनाओं के चलते वनवासियों का मोह अब वनोपज संग्रहण से भंग हो गया है।

### रीना शर्मा को किया गया सम्मानित



**कवर्धा।** समाजिक संस्था नवसृजन मंच छतीसगढ़ ने गत दिनो वृंदावन हाल सिविल लाइन में एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित कर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही 51 महिलाओं को छतीसगढ़ राज्य स्तरीय महतारी अलंकरण से विभूषित किया। जिसमें कबीरधाम की बेटी रीना शर्मा महिला नगर सैनिक को उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किया गया। छतीसगढ़ में महिला सैनिक में सबसे अधिक बार सम्मानित होने वाली रीना शर्मा विगत कई वर्षो से स्वामी विवेकानंद फोर्स अकादमी में फिजिकल प्रशिक्षक का कार्य कर रही है एवं जिले के महिलाओं को उत्कृष्ट कार्यो के लिए एवं देश हित, समाज हित के कार्यो के लिए एवं उन्हें आत्मनिर्भर एवं शंसक्त बनाने के लिए प्रेरित करते आ रही है। संस्था द्वारा 51 महिलाओं को राज्य स्तरीय महतारी अलंकरन से सम्मानित किए जाने से सभी महिलाएं गौरवान्वित हुए हैं। रीना शर्मा जिलें मे निःस्वार्थ सेवा भाव से कार्य करते आई है अपने कार्यो से उन्होने जिले को हमेशा गौरवान्वित किया गया। उन्हें यह सम्मान मिलने से लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

**भगवा तोरणों से सजा कवर्धा, हिंदू नव वर्ष पर सांस्कृतिक संध्या और भारत माता की महाआरती**

# कवर्धा में हिंदू नव वर्ष की भव्य तैयारी, 19 मार्च को निकलेगी विशाल शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

कवर्धा में हिंदू नव वर्ष के अवसर पर इस वर्ष भी भव्य आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। 19 मार्च दिन गुरुवार को पूरे शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी तथा एकता चौक में सांस्कृतिक संध्या और भारत माता की महाआरती का आयोजन किया जाएगा।

कवर्धा का हिंदू नव वर्ष उत्सव पूरे छत्तीसगढ़ में अपनी भव्यता और ऐतिहासिक परंपरा के लिए प्रसिद्ध है। लगभग 21 वर्षों पूर्व कवर्धा के सनातनी युवाओं द्वारा इस आयोजन की शुरुआत की गई थी, जिसका उद्देश्य सनातन संस्कृति और सनातनी परंपराओं के प्रति समाज में गौरव की भावना जागृत करना था। समय के साथ इस आयोजन का स्वरूप और भव्यता निरंतर बढ़ती गई और आज यह उत्सव हजारों युवाओं की आस्था और सहभागिता का प्रतीक बन चुका है। हिंदू नव वर्ष के स्वागत में शहर के विभिन्न चौक-चौराहों को भगवा ध्वज, तोरण और सजावट से सुसज्जित किया गया है। घर-घर में भगवा तोरण लगाए जा रहे हैं और पूरा शहर उत्सव के रंग में रंगा हुआ दिखाई दे रहा है।

हिंदू नव वर्ष उत्सव समिति के सदस्य चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि इस वर्ष का आयोजन पहले से अधिक भव्य और आकर्षक होगा। शहर की विभिन्न समितियों और युवाओं के दलों द्वारा भव्य शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी, जिनमें श्रीराम दरबार, हनुमान जी, माता रानी सहित विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक झांकियां शामिल होंगी। इसके साथ ही लेजर शो और अन्य विशेष आकर्षण भी आयोजन में शामिल किए गए हैं।

यहां बताना लाजिमी होगा कि अपनी वैदिक संस्कृतिक को यशस्वी बनाए रखने के लिए कवर्धा नगर के युवाओं ने हिन्दू नववर्ष की भव्य तैयारियां की है। हिन्दू नववर्ष कवर्धा एक विशेष पहचान बनाता जा रहा है और इस पहचान को छत्तीसगढ़ में एक विशेष पहचान बनाने के लिए बीते कई दिनो से कवर्धा युवा, नगर को सजाने में लगे हैं।

नगर के एकता चौक, सिग्नल चौक, लोहारा नाका चौक, अम्बेडकर चौक सहित अन्य चौकों को वैदिक संस्कृति के अनुरूप भगवा तोरण, फ्लेक्स, रंगीन लाईट के माध्यम से नगर को सजाया गया है तथा नगरवासियों से आव्हान किया है कि विदेशी संस्कृति का त्याग करते हुए अपनी संस्कृति व परंपरा के अनुसार हिन्दू नववर्ष को मनाएं।

### शोभायात्रा की झांकियों को मिलेगा आकर्षक पुरस्कार

समिति द्वारा बताया गया कि शहर के विभिन्न वार्डों से निकलने वाली शोभायात्राएं समिति द्वारा निर्धारित यात्रा मार्ग में सम्मिलित होंगी। इन झांकियों और शोभायात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए हिंदू नव वर्ष उत्सव समिति द्वारा पुरस्कार भी निर्धारित किए गए हैं। जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 21,000 रूपए, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 15,000 रूपए का पुरस्कार समिति द्वारा प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर कवर्धा के हृदय स्थल एकता चौक को विशेष रूप से सजाया जा रहा है। यहां शाम 6 बजे से सांस्कृतिक संध्या एवं माता का जगराता आयोजित किया जाएगा, जिसमें छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोकगायिका शिवानी जंघेल द्वारा देवी जस गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके पश्चात रात्रि 8 बजे एकता चौक में भारत माता की भव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विशेष आतिशबाजी भी की जाएगी। कवर्धा की जनता हिंदू नव वर्ष के स्वागत के लिए उत्साहपूर्वक तैयारियों में जुटी हुई है। शहर में चारों ओर भगवा सजावट और धार्मिक वातावरण देखने को मिल रहा है, जिससे इस वर्ष का हिंदू नव वर्ष उत्सव कवर्धा में ऐतिहासिक और अद्वितीय होने जा रहा है।

## पेज 9 के शेष

### पड़कीटोला स्कूल बदहाल, एक ..

भी नहीं है, जिसके कारण गाय, कुत्ते, बंदर और अन्य जानवर अक्सर परिसर में घुस आते हैं। छोटे-छोटे बच्चों की पढ़ाई और सुरक्षा दोनों ही प्रभावित हो रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि पहले इस समस्या को देखते हुए उन्होंने "खाना से ज्यादा जरूरी शिक्षा" का नारा देते हुए करीब तीन से चार महीनों तक स्कूल परिसर में मिड-डे मील बनवाने का विरोध किया था और उस स्थान पर बच्चों की कक्षाएं संचालित कराई थीं। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि जब कई महीनों तक स्कूल में भोजन नहीं बनेगा तो प्रशासन इस समस्या पर ध्यान देगा, लेकिन इसके बावजूद कोई अधिकारी स्थिति देखने तक नहीं पहुंचा। बाद में खंड शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर फिर से बरामदे में ही मिड-डे मील बनाना शुरू कर दिया गया, जिससे एक बार फिर कक्षाओं की व्यवस्था प्रभावित हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार शिक्षा सुधार के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों की वास्तविक स्थिति आज भी बेहद चिंताजनक है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि स्कूल में अतिरिक्त कक्षाओं का निर्माण, जर्जर रसोईघर की मरम्मत, बाउंड्री वॉल का निर्माण और शिक्षकों की संख्या बढ़ाने की दिशा में जल्द से जल्द ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि गांव के बच्चों को सुरक्षित और बेहतर वातावरण में पढ़ाई का अवसर मिल सके।

### शंकराचार्य की मौजूदगी ...

अवसर पर विवेक गौतम, अनिल तिवारी, बंशी रजक, ओंकार निर्मलकर, राकेश रजक, अमित साहू, गंगासागर साहू, अनिल रजक, राज साहू एवं बलदु साहू सहित आयोजन समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। गौरतलब है कि 'गोमाता प्रीमियर लीग' का यह दूसरा संस्करण है, जिसे लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह देखा जा रहा है। स्थानीय स्तर पर इसे न केवल एक खेल आयोजन, बल्कि सामाजिक जागरूकता के अभियान के रूप में देखा जा रहा है, जो आने वाले समय में और भी व्यापक स्वरूप ले सकता है।

### जिले में शिशु संरक्षण माह का ...

कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों के माध्यम से दी जाएंगी। साथ ही अभियान के दौरान गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें जिला चिकित्सालय स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कर उपचार एवं पोषण आहार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा बच्चों का हीमोग्लोबिन जांच, गर्भवती महिलाओं की जांच एवं नियमित टीकाकरण भी किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 की तैयारी तेज

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जिले के विभिन्न जनपद पंचायत क्षेत्रों में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार कराने के लिए अधिकारियों की नियुक्ति संबंधी आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार जिले में 01 जनपद सदस्य, 02 सरपंच तथा 16 पंच पदों के लिए उप निर्वाचन प्रस्तावित है। इन पदों के लिए 01 अप्रैल 2026 की प्रतिनिर्देश तिथि के आधार पर फोटोयुक्त मतदाता सूची का निर्माण एवं पुनरीक्षण किया जाएगा। यह पूरी प्रक्रिया छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के प्रावधानों के तहत राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न की जाएगी। आदेश में जनपद पंचायत बेमेतरा, बेरला, साजा और नवागढ़ के लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को पंजीयन अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं संबंधित क्षेत्रों के तहसीलदारों को सहायक पंजीयन अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया में आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे। इसके अतिरिक्त अपर कलेक्टर गुड्डूलाल जगत को अपीलीय प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। वे मतदाता सूची से संबंधित प्राप्त होने वाली आपत्तियों एवं अपीलों के निराकरण की जिम्मेदारी संभालेंगे। जिला प्रशासन के अनुसार राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप मतदाता सूची तैयार करने की पूरी प्रक्रिया निर्धारित समय-सारणी के तहत पूरी की जाएगी, ताकि त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुचारू रूप से संपन्न कराया जा सके।

### एक्सपोजर प्रोग्राम के लिए हरीश चयनित

**उपरवाह।** उच्च शिक्षा संचालनालय द्वारा आयोजित अष्टलक्ष्मी दर्शन युवा एक्सपोज़र कार्यक्रम अंतर्गत विश्वनाथ यादव तामस्कर महाविद्यालय दुर्ग के छात्र हरीश साहू पिता अजय साहू का चयन किया गया है। कार्यक्रम अंतर्गत विद्यार्थी 15 से 28 मार्च तक असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और सिक्किम का भ्रमण करेंगे। इस दौरान विद्यार्थियों को संस्कृति, परंपरा, शिक्षा व्यवस्था, प्राकृतिक संसाधनों तथा सामाजिक जीवन को समझने का अवसर मिलेगा।

### आरती के बाद माता कर्मा को लगाया भोग

**डोंगरगढ़।** कर्मा जयंती के अवसर पर तहसील साहू संघ ने तहसील भवन अछोली में कार्यक्रम आयोजित किया। मां कर्मा की पूजा आरती कर खिचड़ी का भोग लगाया गया। तहसील अध्यक्ष मदन मोहन साहू ने मां कर्मा के जन्मोत्सव पर विस्तार रूप से उनके जीवन और समाज को दिए योगदान पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में हंसराज साहू, हेमंत साहू, अशोक साहू, लता साहू, ज्ञानचंद, ईश्वर साहू, रामभरोसा, नामदेव, रामेश्वरी, महेंद्रदास, शिवचरण, निर्मला साहू, कुलदीप साहू, योधनदास साहू सहित अन्य शामिल हुए।

# नवरात्रि कल से शुरू होगा हिंदू नववर्ष, मंदिरों में लगेगी भक्तों की कतारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में हिंदू नववर्ष और चैत्र नवरात्रि को लेकर श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बन गया है। कल 19 मार्च से विक्रम संवत 2083 की शुरुआत के साथ ही चैत्र नवरात्रि पर्व का शुभारंभ होगा। मंदिरों में विशेष सजावट, ज्योति कलश स्थापना और पूजा-अर्चना की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में भक्तों की आवाजाही बढ़ने लगी है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस वर्ष का संवत्सर 'रौद्र संवत्सर' कहलाएगा और इसके राजा गुरू (बृहस्पति) होंगे। ज्योतिषीय दृष्टि से यह वर्ष विशेष महत्व का माना जा रहा है, जिसका प्रभाव पूरे साल देखने को मिलेगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार नवरात्रि के पहले दिन उत्तराभाद्रपद नक्षत्र का संयोग भी बन रहा है, जो पूजा-अर्चना के लिए विशेष फलदायी रहेगा। नवरात्रि के प्रथम दिन सर्वार्थ सिद्धि योग, शुक्ल योग और ब्रह्म योग का दुर्लभ संयोग बन रहा है। शुक्ल योग रात्रि 1:17 बजे तक रहेगा, इसके बाद ब्रह्म योग प्रारंभ होगा। वहीं सर्वार्थ सिद्धि योग 20 मार्च की सुबह 4:05 से 6:25 बजे तक रहेगा। हालांकि, 19 मार्च को दोपहर 2:00 बजे से 3:30 बजे तक राहुकाल रहेगा, जिसमें शुभ कार्यों से बचने की सलाह दी गई है। जिले के प्रमुख देवी मंदिरों में साफ-सफाई, रंग-रोगन और आकर्षक सजावट का कार्य पूरा कर लिया गया है। श्रद्धालुओं द्वारा ज्योति कलश प्रज्ज्वलन की बुकिंग भी शुरू हो चुकी है। नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन देवी जागरण, दुर्गा सप्तशती पाठ और भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा।

## मंदिरों में विशेष तैयारियां अंतिम चरण में

### ग्रहों की चाल का विशेष प्रभाव

पंचांग गणना के अनुसार वर्ष की शुरुआत में गुरू मिथुन राशि में रहेंगे, मध्य में कर्क राशि और वर्ष के अंत में सिंह राशि में प्रवेश करेंगे। वहीं शनि मीन राशि में संचार करेंगे तथा राहु-केतु भी संवत्सर के अंतिम चरण में राशि परिवर्तन करेंगे। ज्योतिषियों का मानना है कि इन ग्रहों की स्थिति का प्रभाव सामाजिक, आर्थिक और प्राकृतिक परिस्थितियों पर पड़ेगा।

### नौ दिनों तक चलेगा नवरात्रि पर्व

इस वर्ष चैत्र नवरात्रि 19 मार्च से प्रारंभ होकर 27 मार्च तक पूरे नौ दिनों तक मनाई जाएगी। प्रतिपदा तिथि 19 मार्च को सुबह 6:52 बजे से प्रारंभ होकर 20 मार्च की सुबह 4:52 बजे तक रहेगी। शास्त्रों के अनुसार इसी दिन घटस्थापना करना श्रेष्ठ माना गया है, इसलिए नवरात्रि की शुरुआत कलश स्थापना के साथ होगी। घटस्थापना के लिए प्रातः 6:52 बजे से 10:15 बजे तक का समय अत्यंत शुभ रहेगा। इसके अलावा अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11:52 बजे से 12:41 बजे तक भी कलश स्थापना के लिए उत्तम माना गया है।

### धार्मिक मान्यताएं और वास्तु का महत्व

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कलश स्थापना सुख-समृद्धि और वैभव का प्रतीक होती है। पूजा के दौरान कलश या माता की प्रतिमा को ईशान कोण (उत्तर-पूर्व दिशा) में स्थापित करना शुभ माना गया है। वहीं घर के मुख्य द्वार पर आम या अशोक के पत्तों की बंदनवार लगाने से नकारात्मक शक्तियों का प्रवेश नहीं होता। चैत्र नवरात्रि को शक्ति उपासना का प्रमुख पर्व माना जाता है, जिसमें मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना की जाती है। भक्त नौ दिनों तक व्रत रखकर पूजा-अर्चना करते हैं और घर-घर में भक्तिमय वातावरण बना रहता है।

## आयोजन : गीता के उपदेशों को आत्मसात करने का संकल्प लिया

# शहर में संपूर्ण गीता पारायण के साथ 'गीता परिवार' के नए अध्याय का सूत्रपात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



शहर में आध्यात्मिक वातावरण के बीच संपूर्ण गीता पारायण का भव्य एवं भक्तिमय आयोजन संपन्न हुआ। इस आयोजन के साथ ही बेमेतरा में गीता परिवार के एक नए अध्याय की शुरुआत भी हुई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान श्रीकृष्ण के उपदेशों से युक्त श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोकों का सामूहिक पाठ किया, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति भाव से सराबोर हो गया।

जानकारी के अनुसार यह आयोजन शारदा तिवारी के कृष्णविहार स्थित निवास में आयोजित किया गया, जहां दिनभर गीता के पवित्र श्लोकों की ध्वनि गूंजती रही। कार्यक्रम की मुख्य सूत्रधार संगीता पांडेय रहीं, जिनके संकल्प, समर्पण और अथक प्रयासों से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज तथा लायंस क्लब की प्रबुद्ध महिला सदस्यों सहित अनेक श्रद्धालुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। गीता पारायण के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक चिंतन के साथ गीता के उपदेशों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प भी लिया। पारायण की दिव्य ऊर्जा से प्रभावित होकर कई जिज्ञासुओं ने गीता के नियमित अध्ययन हेतु संचालित होने वाली गीता कक्षाओं के लिए उत्साहपूर्वक पंजीकरण भी कराया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ गीता परिवार के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। सदस्यों ने पूरे समय निष्काम भाव से सेवा और स्वाध्याय में स्वयं को समर्पित कर कर्मयोग की भावना का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान संगठन विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए बेमेतरा गीता परिवार का विधिवत गठन भी किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ गीता परिवार के प्रदेश अध्यक्ष गीत गोविंद भैया द्वारा शारदा तिवारी को सर्वसम्मति से बेमेतरा जिला अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने उनका स्वागत करते हुए नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं और संगठन को आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में नवगठित गीता परिवार, बेमेतरा की ओर से आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया। विशेष रूप से संगीता पांडेय, कुमुदिनी शर्मा, किरण जोशी, आशीष खंडेलवाल, आशा इंगले, माधुरी पाटिल, सुषमा शुक्ला, प्रणिता शर्मा, मंजुला मिश्रा, शीला मिश्रा एवं लीना भोगे के योगदान की सराहना की गई।

आयोजकों ने कहा कि भविष्य में भी गीता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने और समाज में नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों को मजबूत करने के उद्देश्य से नियमित रूप से गीता पाठ, स्वाध्याय एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# सड़क सुरक्षा को लेकर कलेक्टर सख्त यातायात व्यवस्था सुधारने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- ब्लैक स्पॉट सुधार, हेलमेट-सीट बेल्ट अनिवार्यता और अतिक्रमण

कलेक्टर ने जिला कार्यालय में बैठक लेकर सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने और यातायात व्यवस्था सुधारने को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं गंभीर समस्या हैं, जिनसे जनधन की अपूरणीय क्षति होती है, इसलिए प्रशासन इसे लेकर पूरी तरह गंभीर है। जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग और एनएचएआई के अधिकारियों को दुर्घटनाजन्य स्थलों (ब्लैक स्पॉट्स) की पहचान कर वहां साइन बोर्ड, रंबल स्ट्रिप्स व रिफ्लेक्टर लगाने सहित आवश्यक सुधार कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग को सुनिश्चित करने पुलिस व परिवहन विभाग को संयुक्त अभियान चलाने कहा। कलेक्टर ने सड़कों पर अवैध अतिक्रमण हटाने, स्कूल बसों की फिटनेस जांच करने तथा सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इसके अलावा आवारा पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए संबंधित विभागों को विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों के पालन से ही नहीं, बल्कि जनजागरूकता से भी जुड़ी है। इसके लिए स्कूल-कॉलेजों में कार्यशालाएं आयोजित कर नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

# महिला दिवस पर लीनेश क्लब प्रेरणा मेन का भव्य आयोजन, महिलाओं का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और सामाजिक सहभागिता का दिया संदेश

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के तौर पर ऑल इंडिया लीनेश क्लब प्रेरणा मेन द्वारा एक भव्य एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं के साथ-साथ क्लब की सक्रिय सदस्याओं का सम्मान कर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही सामाजिक एवं वरिष्ठ महिलाओं को सम्मानित किया गया।

यह आयोजन महिलाओं के आत्मसम्मान, उनके योगदान और समाज में उनकी बढ़ती भागीदारी को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल साबित हुआ। इसी क्रम में लीनेश क्लब प्रेरणा मेन की मासिक बैठक भी होटल जोरको में आयोजित की गई। बैठक में क्लब की गतिविधियों की समीक्षा के साथ आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। महिला दिवस के उपलक्ष्य में क्लब के वरिष्ठ बीओडी अधिकारियों का भी विशेष सम्मान किया गया, जिससे कार्यक्रम का माहौल और अधिक उत्साहपूर्ण बन गया। कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्ष वर्षा गौतम के नेतृत्व में बड़ी संख्या में सदस्याएं उपस्थित रहीं।




### इनकी रही उपस्थिति

प्रमुख रूप से कनकलता मिश्रा, रानी रवानी, वीणा त्रिपाठी, रश्मि ताम्रकार, शशि तिवारी, सुमिता यादव, सलमा शरीफ, ललिता साहू, ममता ताम्रकार, आरती साहू, नीलम साहू, मुमताज रवानी, मंजू शर्मा, नेहा वर्मा, अन्नू पांडे, संतोषी तिवारी, स्वाति यदु, पिंकी नेमा, पार्वती दुबे, नीतू कोठारी एवं चंद्रप्रभा तिवारी सहित अन्य सदस्याओं की सक्रिय सहभागिता रही। इसके अतिरिक्त करुणा तिवारी एवं हनीफा रवानी की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। सभी ने एक स्वर में महिला एकता, आत्मनिर्भरता और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्याओं ने महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य करने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लिया। यह आयोजन न केवल सम्मान का अवसर बना, बल्कि महिलाओं के बीच आपसी सहयोग और प्रेरणा का भी सशक्त मंच साबित।

### कनिष्ठों ने वरिष्ठ छात्रों को दी विदाई

**कल्लूबंजारी।** पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी की कक्षा छठवीं एवं सातवीं के विद्यार्थियों ने समारोह आयोजित कर आठवीं के विद्यार्थियों को भावभीनी बिदाई दी।

इस अवसर पर विद्यार्थियों की आंखों से आंसू छलक पड़े। मुख्य अतिथि सरपंच चित्रा कोर्राम थी। अध्यक्षता शाला समिति के अध्यक्ष टोमन ठाकुर ने की। विशेष अतिथि राजकुमार पटेल, सुशील कंवर, प्रधानपाठक उमेन्दसिंह मंडावी, जाकेश साहू, दिनेश कुरेटी, तिलक बढ़ई, शोभराय कार्ते, अखिलेश्वर ठाकुर, सुषमा नेताम, चुम्मन भुआर्य, जगन्नाथ नेताम एवं रोमन साहू थे। शुभारंभ के बाद अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करते हुए आगे बढ़ने प्रेरित किया। इस दौरान आठवीं की उरांसी कंवर, यशराज तिवारी, भारती सिन्हा, ललेश्वर ताम्रकार, लीलाधर यादव, बिंदिया साहू एवं रीशिका नटानी ने भी अपने अनुभव साझा किया। शिक्षिका सुषमा नेताम के मार्गदर्शन में कागज के बैच से अतिथियों एवं आठवीं के बच्चों को सम्मानित किया गया। शिक्षक दिनेश कुरेटी के स्वरचित बिदाई गीत प्रस्तुत किया जिससे वातावरण गमगीन हो गया। कार्यक्रम का संचालन काजल पटेल एवं भिनेश्वरी साहू ने किया।

# शासकीय स्वास्थ्य केंद्र में निजी क्लिनिक चलाने का आरोप दो चिकित्सकों के खिलाफ शिकायत, जांच की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

तहसील मुख्यालय स्थित शासकीय स्वास्थ्य केंद्र परिसर में निजी क्लिनिक संचालित करने और मरीजों से पैसे लेकर इलाज करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ), जिला बेमेतरा को लिखित शिकायत सौंपकर जांच की मांग की है।

भाजयुमो महामंत्री आयुष शर्मा के नेतृत्व में भाजपा नेता राहुल दूबे, भगवान दास, इंदल वर्मा एवं युवराज वर्मा सहित अन्य ग्रामीणों ने यह शिकायत प्रशासन को सौंपते हुए पूरे आवेदन के अनुसार शासकीय चिकित्सक डॉ. शिवा साहू और डॉ. पूर्णेन्दु साहू पर स्वास्थ्य केंद्र परिसर में ही निजी चिकित्सा व्यवसाय संचालित करने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि दूर-दराज से आने वाले मरीज, जो शासकीय अस्पताल में निःशुल्क इलाज की उम्मीद से पहुंचते हैं, उनसे इलाज के नाम पर पैसे लिए जाने की शिकायत सामने आ रही है।

### पहले भी हो चुकी है शिकायत

शिकायतकर्ताओं ने बताया कि इस संबंध में पूर्व में भी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर संबंधित चिकित्सकों तथा उन्हें संरक्षण देने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### गरीब मरीजों से फीस लेने का आरोप

आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि गरीब और जरूरतमंद मरीजों से फीस लेकर उपचार किया जा रहा है। साथ ही कई मरीजों को आगे इलाज के लिए दुर्ग, रायपुर सहित अन्य शहरों के निजी चिकित्सकों के पास जाने की सलाह दी जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि इससे शासकीय स्वास्थ्य सेवाओं की मंशा प्रभावित हो रही है और जरूरतमंद मरीजों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

### जांच कराई जाएगी

इस संबंध में जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बेमेतरा डॉ अमृत लाल रोहलेडर ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है। शिकायत के आधार पर जांच कराई जाएगी और यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधितों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

- डॉ. अमृत लाल रोहलेडर
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी

## 99 परीक्षार्थी उपस्थित हुए व 7 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे

# ओपन परीक्षा केंद्र का बीईओ ने किया आकस्मिक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ओपन स्कूल परीक्षा के प्रथम दिवस विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) बेमेतरा कामिनी महिलांग ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालसमुंद स्थित ओपन परीक्षा केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और केंद्र में चल रही व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

केंद्राध्यक्ष विजय कुमार घृतलहरे ने बताया कि प्रथम दिवस कक्षा 12वीं का हिंदी विषय का प्रश्नपत्र आयोजित किया गया था। परीक्षा केंद्र में कुल 106 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 99 परीक्षार्थी परीक्षा में उपस्थित हुए, जबकि 7 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान बीईओ कामिनी महिलांग ने परीक्षा कक्षों का अवलोकन कर व्यवस्थाओं की जांच की।

उन्होंने केंद्राध्यक्ष विजय कुमार घृतलहरे सहित परीक्षा कार्य में संलग्न समस्त कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा केंद्र में किसी भी प्रकार की नकल नहीं होनी चाहिए और परीक्षाएं पूरी पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराई जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि परीक्षाओं की निष्पक्षता और अनुशासन बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है, इसलिए सभी कर्मचारी अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्र में व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं।

# कला और संस्कृति के बिखरेंगे रंग, लोक मंडई 29 से

**डोंगरगांव।** राज्य की कला, संस्कृति के विविध रंग इस साल तुमडीबोड में आगामी 29 से 31 मार्च तक देखने का अवसर लोगों को मिलेगा। विधायक दलेश्वर साहू के नेतृत्व में लोक मंडई का तीन दिवसीय आयोजन की वृहद तैयारियां की जा रही है। कार्यक्रम में राज्य के ख्याति प्राप्त एवं उभरते लोक कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। लोक मंडई आयोजन के लिए विधायक दलेश्वर साहू के मार्गदर्शन एवं गुलाब वर्मा के संयोजन में लोक मंडई आयोजन समिति का गठन किया गया है, जिसकी अध्यक्ष सरपंच भुनेश्वरी रोहित साहू है। समिति में सुरेश जैन, राजेंद्र जैन, अजय जैन, धरम जैन, भूपेन्द्र सोनवानी, सुनील जैन, अमरोतन साहू, टीकम पटेल, लीलाधर माह, भेवदास, पीतांबर, राजेश, जयराम साहू, राकेश शर्मा, सुदर्शन साहू, खेलूराम साहू और संतोष साहू को शामिल किया गया है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### अलसी फसल के उत्पादन व मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देने कृषक प्रशिक्षण

**बेमेतरा।** तिलहनी फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने तथा अलसी फसल के मूल्य संवर्धन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केन्द्र (केवीके) बेमेतरा द्वारा कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर की अखिल भारतीय समन्वित अलसी अनुसंधान परियोजना तथा कृषि विभाग बेमेतरा के सहयोग से संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में किसानों को अलसी फसल की उन्नत किस्मों, वैज्ञानिक उत्पादन तकनीक, खरपतवार एवं कीट प्रबंधन तथा मूल्य संवर्धन से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डॉ. संदीप भंडारकर, डॉ. संजय द्विवेदी, डॉ. टी.डी. साहू, डॉ. साक्षी बजाज, डॉ. राजेश एक्का तथा केवीके बेमेतरा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख तोषण कुमार ठाकुर ने किसानों को विभिन्न तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी। विशेषज्ञों ने बताया कि अलसी कम पानी में होने वाली महत्वपूर्ण तिलहनी फसल है, जिसे धान के विकल्प के रूप में भी अपनाया जा सकता है। इससे किसानों की आय बढ़ाने के साथ तिलहनी फसलों के क्षेत्रफल में वृद्धि संभव है। कार्यक्रम के बाद वैज्ञानिकों की टीम ने किसानों के प्रक्षेत्रों का भ्रमण कर फसल का निरीक्षण किया। इस दौरान वैज्ञानिक डोमन सिंह टेकाम, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी राजेश कुमार टंडन सहित कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में जिले के 60 से अधिक किसानों ने भाग लिया।

### शांतिभंग, आरोपी पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** विवाद कर अशांति फैलाने के मामले में पुलिस ने अनावेदक के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत शुभम यादव 23 साल 11 पुल शांतिनगर स्थायी पता रमन बजार द्वारा वाद-विवाद कर शांति व्यवस्था भंग कर अप्रिय घटना घटित होने की संभावना पर धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय राजनांदगांव में पेश किया गया।

**सम्मेलन : एकजुटता और सामाजिक विकास का संकल्प लिया**

# धोबी समाज के युवक-युवती परिचय सम्मेलन वरिष्ठ सम्मान समारोह में शामिल हुए योगेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

ग्राम हसदा में छत्तीसगढ़ झेरिया धोबी समाज द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन, वरिष्ठ सम्मान समारोह एवं सामाजिक अधिवेशन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रजककार बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक तथा अध्यक्षता भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने की। कार्यक्रम के दौरान समाज के युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें युवाओं को एक-दूसरे को जानने और वैवाहिक संबंधों के लिए संवाद का अवसर मिला। साथ ही समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान कर उनके अनुभव, मार्गदर्शन और समाज के प्रति उनके योगदान को सराहा गया।



इस अवसर पर अपने संबोधन में योगेश तिवारी ने कहा कि ऐसे सामाजिक आयोजन समाज को संगठित और मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। युवक-युवती परिचय सम्मेलन से समाज के युवाओं को एक-दूसरे को समझने और पारिवारिक रिश्तों को सुदृढ़ करने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की सबसे बड़ी ताकत उसकी एकता, आपसी सहयोग और संस्कार होते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि आज के समय में समाज को शिक्षा, संस्कार और संगठन के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है। जब समाज के लोग एकजुट होकर अपने विकास और उत्थान के लिए कार्य करते हैं, तब समाज के साथ-साथ पूरे क्षेत्र की प्रगति भी सुनिश्चित होती है। उन्होंने झेरिया धोबी समाज की सक्रियता और सामाजिक एकता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों से जोड़ने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान कर उनके योगदान को याद किया गया तथा समाज की एकजुटता और विकास के लिए सामूहिक संकल्प भी लिया गया।

इस अवसर पर प्रहलाद रजक (अध्यक्ष रजककार बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन), शशिप्रकाश निर्मलकर (अध्यक्ष झेरिया धोबी समाज भिंभौरी), अनिल रजक (अध्यक्ष झेरिया धोबी समाज जिला बेमेतरा), चन्द्रशेखर परगनिहा (सरपंच ग्राम पंचायत हसदा), रेखा पोषण सिन्हा (जनपद सदस्य बेरला), नारायण निर्मल (अध्यक्ष बेरला परिक्षेत्र), विजय रजक (अध्यक्ष देवकर परिक्षेत्र), अग्राहित निर्मल (अध्यक्ष मोहगांव परिक्षेत्र), मेघनाथ निर्मलकर (पूर्व जिला अध्यक्ष), राजेंद्र निर्मलकर, पंचराम निर्मलकर, विजय रजक, चमेली निर्मलकर (महिला अध्यक्ष), सनत सिन्हा, प्रियांशु सिंह सहित अनेक पदाधिकारी, वरिष्ठजन और बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

# मानस गान सम्मेलन में पूर्व विधायक छाबड़ा हुए शामिल

**बेमेतरा।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खर्रा में समिति एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा आयोजित दो दिवसीय श्री रामकथा मानस गान महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा कार्यक्रम में शामिल हुए और धार्मिक आयोजन में सहभागिता निभाई।



■ भगवान श्रीरामचंद्र की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की

कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक छाबड़ा ने सर्वप्रथम भगवान श्रीरामचंद्र की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम हम सभी के इष्ट हैं और रामकथा का श्रवण मात्र ही मनुष्य के जीवन के पापों का नाश करने वाला होता है। उन्होंने समिति द्वारा ऐसे धार्मिक आयोजन के निर्णय की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया कि उन्हें इस पावन महोत्सव में शामिल होने का अवसर मिला। इस आयोजन में आनंद मानस मंडल एवं ग्राम खर्रा के समस्त ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम में रवि परगनिहा, शुभम वर्मा, देवलाल सिन्हा, बिहारी यादव, रामकुमार ताम्रकार, परेटन दास वैष्णव, मोहन दास वैष्णव, संतोष परगनिहा, पोषण साहू, श्यामलाल पाठक, हृदयराम साहू, बीरेंद्र पाठक, भरतलाल साहू, सुरेश वैष्णव, भागवत साहू, राम सोहागी साहू एवं भागबली साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय माहौल बना रहा और मानस गान की मधुर ध्वनि से गांव का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया।

# एक दिनी कथा में धर्म, सत्संग और गौसेवा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खमरिया।

अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भागवताचार्य विपिन बापू का एकदिवसीय सत्संग एवं भागवत कथा का आयोजन किया गया। कथा के पूर्व महाराज जी नगर की स्थानीय रामकृष्ण गौशाला पहुंचे, जहां उन्होंने गौमाता को गुड़ और चारा खिलाकर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर गौशाला के गोभक्त भी उपस्थित रहे।

■ सत्संग में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



कथा के दौरान विपिन बापू ने धर्म, सत्संग, नामजप और गौसेवा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। महाराज जी ने कहा कि जीवन में धर्म का होना अत्यंत आवश्यक है। मनुष्य के जीवन में सत्संग और एकनिष्ठता का होना जरूरी है, लेकिन आज के समय में अधिकांश लोगों के जीवन में अनुशासन और समय का सही उपयोग नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक हिंदू के घर में रामायण और गीता अवश्य होनी चाहिए, क्योंकि यही ग्रंथ हमें जीवन जीने की सही दिशा देते हैं। उन्होंने राधा-कृष्ण भक्ति का महत्व बताते हुए कहा कि राधा का प्रेम निस्वार्थ समर्पण का प्रतीक है और लाड़ली जी की कृपा के बिना कोई भी दिव्य प्रेम को नहीं जान सकता। राधा नाम का जप अत्यंत कल्याणकारी है। महाराज जी ने भजन और भक्ति के महत्व को बताते हुए कहा कि कलयुग में भगवान के नाम का जप ही आत्मकल्याण, मानसिक शांति और ईश्वर प्राप्ति का सबसे सरल मार्ग है। उन्होंने कहा कि भगवान के नाम का स्मरण मनुष्य के अंतर्मन को शुद्ध करता है, पाप प्रवृत्तियों को नष्ट करता है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। कथा में उन्होंने भगवान के 24 अवतारों का भी विस्तार से वर्णन किया और कहा कि भारत की भूमि वंदनीय और पूजनीय है, जहां भगवान ने अनेक अवतार धारण किए।

महाराज जी ने गोवर्धन पूजा के प्रसंग पर विशेष जोर देते हुए गौसेवा और गौसंरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि गाय को वेदों में अमृत का स्त्रोत और संसार की माता कहा गया है, इसलिए उनका संरक्षण और सेवा करना प्रत्येक हिंदू का कर्तव्य है। कथा के दौरान उन्होंने गायों की दुर्दशा पर चिंता व्यक्त करते हुए गौसंरक्षण के लिए शासन-प्रशासन से उचित व्यवस्था करने की भी बात कही।

